

# जिले में राजस्व के 3 हजार प्रकरण डिस्पोजल के इंतजार में

## तहसील दफ्तरों में पसरा सन्नाटा, तहसीलदारों के 8वें दिन हड़ताल जारी, कामकाज ठप

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 13 अगस्त। जिले में तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों के बेमियादी हड़ताल से तहसील दफ्तरों में सन्नाटा जहां पसरा हुआ है। वही प्राकृतिक आपदा जोड़ अन्य राजस्व संबंधी कामकाज ठप है।**




गौरतलब है कि राज्य सरकार ने तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार न्यायिक कार्यपालिक विभाजन का विरोध कर रहे हैं। यह विभाजन की नीति प्रदेश के 25 जिले में लागू की गई है। जहां इसका विरोध जारी है। तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों के बेमियादी हड़ताल पर जाने से राजस्व संबंधी कामकाज आज 8वें दिन भी पूरी तरह से ठप रहा है। उभयपक्ष कास्तकार तहसील दफ्तरों का चक्कर लगाते हुये वैंरग प्रदेश सरकार को कोसते हुये वापस घर चले जा रहे हैं। वही दफ्तरों में पिछले एक सप्ताह से सन्नाटा पसरा हुआ है। हड़ताल में शामिल उक्त राजस्व अधिकारियों के द्वारा दावा किया जा रहा है कि हड़ताल से सीमांकन, नामांतरण एवं वटनवारा के प्रकरणों का डिस्पोजल शून्य है। वही जानकारी के अनुसार जिले के तहसीलों में वटनवारा के 648, सीमांकन 1370 एवं नामांतरण के 1700 से अधिक प्रकरण लंबित हैं।

ऐसे में यदि उक्त व्यवस्था से राजस्व प्रकरणों के निराकरण में गिरावट आने की पूरी संभावना नजर आ रही है।

### नामांतरण, बटनवारा एवं सीमांकन के 37 सौ प्रकरण लंबित

एक आंकड़े के मुताबिक जिले के तहसील चितरंगी, दुधमनिया, माड़ा, देवसर, सिंगरौली शहर, सरई, सिंगरौली ग्रामीण एवं बरगवां में राजस्व संबंधी सीमांकन, वटनवारा तथा नामांतरण के 37 सौ 18 से अधिक प्रकरण डिस्पोजल के इंतजार में तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार के रिडरों के आलमारियों में बंद हैं। इधर तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार के बेमियादी हड़ताल से राजस्व न्यान्यालयीन प्रकरण लंबित हैं और डिस्पोजल के इंतजार में हैं। वटनवारा के 648, सीमांकन 1370 एवं नामांतरण के 1700 प्रकरणों का अब तक निराकरण नही हो पाया है। उक्त प्रकरण तहसील कार्यालय के साथ-साथ नायब तहसीलदारों के यहां लंबित है। जहां उभयपक्ष कास्तकार एक सप्ताह से अपने-अपने प्रकरणों के लिए उक्त दफ्तरों का परिक्रमा करते हुये निराश होकर वापस घर लौट जा रहे हैं।

### 24 में से आधा तहसीलदार करेंगे गैर न्यायिक कार्य

जिले में कुल 24 पीठासीन तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार अधिकारी हैं। जहां अभी भी राजस्व संबंधी वटनवारा, सीमांकन एवं नामांतरण के करीब 3700 से अधिक प्रकरण डिस्पोजल के इंतजार में है। प्रदेश सरकार के द्वारा नई व्यवस्था के तहत पीठासीन अधिकारियों की संख्या 24 से घटकर आधी हो जाएगी। जहां एक दर्जन तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार गैर न्यायिक कार्यो में ड्यूटी करेंगे। जिले में राजस्व के 24 कोर्ट हैं। फिर भी राजस्व संबंधी प्रकरणों के निराकरण में देरी हो रही है और प्रबुद्ध जनों का मानना है कि यदि पीठासीन अधिकारियों की संख्या घट गई तो निश्चित ही राजस्व प्रकरणों के निराकरण करने में भारी कमी आएगी। जिससे प्रदेश सरकार की भी किरकिरी होगी और शेष पीठासीन अधिकारियों पर भी अतिरिक्त काम का बोझ पड़ेगा और कास्तकारों के बीच असंतोष भी बढ़ने का अंदेशा है।



# 15 अगस्त के कार्यक्रमों का फायनल रिर्हसल आयोजित

## कलेक्टर एवं एसपी रहे मौजूद

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 13 अगस्त। स्वतंत्रता दिवस का जिला स्तरीय मुख्य समारोह राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम में राज्यमंत्री राधा सिंह के मुख्य अतिथि में सम्पन्न होगा।**

स्वतंत्रता दिवस के पवन अवसर पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमो का फायनल रिर्हसल कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला एवं एसपी मनीष खत्री के उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। जिपं सीईओ गजेन्द्र सिंह एवं प्रशिक्षु डीएसपी रोशनी कुर्मी जिप्सी पर सवार होकर कार्यक्रम में आयोजित होने वाले परेड सीनियर, परेड जूनियर का अवलोकन कर परेड की सलामी ली। वही परेड कमान्डर प्रशिक्षु डीएसपी के नेतृत्व में शानदार परेड आयोजित हुआ। जहा परेड सीनियर में परेड कमान्डर, परेड टू आईसी सुबेदार आशीष तिवारी सहित परेड जूनियर में परेड कमान्डर सुमित कुमार शाह सहित परेड में संलग्न विद्यालयो के परेड कमान्डरो के द्वारा रिर्हसल कर उपस्थित जन समूह को मनमुग्ध किया।

### एक नजर में

#### हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता हमारे संस्कार हैं : रामलल्लू



**सिंगरौली।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज दिन बुधवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक रामलल्लू बैस ने अपने निजी निवास पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लगाया और श्री बैस ने कहा कि तिरंगा हमारी आन-बान शान है और स्वच्छता हमारे संस्कार हैं। हमारी सभ्यता और हमारे भविष्य की पहचान है आम जन से पूर्व विधायक ने अपील किया है कि आइये हम सब मिलकर ऑपरेशन सिंदूर की विजय गाथा, स्वतंत्रता, शौर्य एवं एकता के इस महोत्सव में बढ़चढ़कर सहभागिता करें। अपने घर व प्रतिष्ठान पर तिरंगा सम्मान के साथ फहरायें और स्वच्छता का संकल्प दोहरायें।

#### नगर परिषद की अगुवाई में सरई में निकाली गई तिरंगा यात्रा



**सरई।** स्वतंत्रता की 79वीं वर्षगांठ के अवसर पर प्रदेशभर में 2 से 15 अगस्त तक चल रहे हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता-स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग विशेष अभियान के अंतर्गत आज दिन बुधवार को नगर परिषद सरई द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह आयोजन देशभक्ति और उत्साह के अद्भुत संगम के रूप में नगरवासियों की स्मृतियों में अंकित हो गया। तिरंगा यात्रा की शुरुआत नगर परिषद कार्यालय से हुई, जिसमें तहसीलदार सरई चंद्रशेखर मिश्रा, नगर परिषद उपाध्यक्ष विजय गुप्ता, जनपद सदस्य एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष सरई रामधनी यादव, उपनिरीक्षक सूरज सिंह, पार्षदगण, कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल सरई के शिक्षक व छात्राएं, नगर परिषद कर्मचारी सहित अनेक नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

#### शिक्षक का बीमारी से हुआ निधन



**सिंगरौली।** जिले के विकास खण्ड देवसर के माध्यमिक शाला बम्हनी के शिक्षक की बीमारी के चलते आज दिन बुधवार को दुखद निधन हो गया। इधर जानकारी में बता दें कि माध्यमिक शाला के शिक्षक धर्मराज सिंह बहुत दिनों से बीमार चल रहे थे, जो बम्हनी विद्यालय में प्रधानाध्यापक थे। लम्बे दिनों से बीमार चल रहे थे, उनका असमय निधन हो जाने के चलते क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। जब उनके निधन की खबर जब उनके इष्टमित्रों को हुई तो ढांढस बंधाने उनके गृह ग्राम पहुंचे।



# शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी : आरपी

## प्रभारी निगमायुक्त ने नगर निगम कार्यों का किया समीक्षा


**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 13 अगस्त। नगर निगम के प्रभारी आयुक्त आरपी बैस ने सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की समीक्षा की।**

प्रभारी निगमायुक्त ने शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर संतुष्टि के साथ निराकृत करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने अधिकारियों से कहा कि सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की नियमित समीक्षा करें। शिकायतकर्ता से संपर्क कर शिकायत की वास्तविक स्थिति के आधार पर गुणवत्ता पूर्ण निराकरण सुनिश्चित कराएं। कोई भी शिकायत अन-अटेंडेड नहीं रहनी चाहिए। निगमायुक्त ने निर्देशित किया कि शिकायतों के निराकरण कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नही की जायेंगी। यदि अधिकारी स्वयं शिकायतकर्ता से संवाद स्थापित कर उनकी समस्या को जाने तथा उसका गुणवत्तापूर्ण निराकरण कर शिकायतकर्ता को भी अवगत कराएं तो शिकायतों को संतुष्टिपूर्वक बंद किया जा सकता है। शिकायतों के निराकरण के आधार पर शासन स्तर से हर माह जारी होने वाली रैंकिंग ग्रेडिंग मिलती है। प्रभारी आयुक्त ने नगरीय क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुयें निर्देशित किया कि निर्माण कार्यो को समय पर पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाये, निर्माण कार्यो में गुणवत्ता की अनदेखी होने पर संबंधित सहायक एवं उपयंत्री के विरूद्ध कार्यवाही की जायेंगी। उन्होंने निर्देशित किया कि सहायक एवं उपयंत्री लगातार निर्माण कार्यो की मॉनिटरिंग करते रहें। बैठक के दौरान सहायक यंत्री प्रवीण गोस्वामी, डीके सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# बैढ़न शहर में एक घंटे हुई मूसलाधार बारिश, रेलवे क्रॉसिंग पुलिया के नीचे भरा लबालब पानी

## तीन-चार दिन से उमस भरी गर्मी ने जीना किया था दुश्वार, बढ़ गई थी बीमारी, अस्पतालों में उमड़ रही थी भीड़





**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 13 अगस्त। लगभग तीन-चार दिन से उमस भरी गर्मी के असर के चलते बीमारियों का ग्राफ भी बढ़ने लगा, लेकिन आज दिन बुधवार की सुबह तकरीबन दो घंटे तक हुई झमाझम बारिश से बैढ़न शहर पानी से तरबतर हो गया। शहर की नालियां उफान पर आ गई।**

दरअसल बुधवार की अल सुबह से ऊर्जाधानी में रिमझिम बारिश का दौर चल रहा था कि सुबह करीब 7:30 बजे से लेकर दो घंटे तक बैढ़न मुख्यालय के आसपास गांवों में हुई झमाझम बारिश से सड़को पर भी जहां लबालब पानी भर गया। वहीं बिलौंजी कॉलेज चौक से लेकर अन्य कई नालियां उफान पर आ गई। जिसके चलते जहां जन जीवन प्रभावित हुआ, वहीं स्कूली छात्र-छात्राओं को भी छाता के सहारे विद्यालय जाने के लिए मजबूर हुये। आलम यह था कि कॉन्वेंट स्कूल बिलौंजी के सामने की सड़क मार्ग में करीब एक फीट तक पानी बहने लगा। हालांकि इसके बाद बारिश थम गई।

### माजन मोड़ रेलवे क्रॉसिंग में भरा लबालब पानी



आज सुबह हुई झमाझम बारिश के चलते माजन मोड़ रेलवे क्रॉसिंग के पास लबालब पानी भर जाने के चलते आवागमन में वाहन चालको को काफी परेशानी उठानी पड़ी। वही एसपी ऑफिस के सामने भी सड़क जलमग्न रहा।

# अच्छी शिक्षा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था उपलब्ध होगी : विश्वामित्र

**नवभारत न्यूज**

**देवसर 13 अगस्त। सरकार ने शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दिया है छात्र छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण एवं सुगमता से शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक सभी संसाधनों की व्यवस्था की जा रही है।**



उक्त आशय के विचार सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक ने शाउमावि खड़ौरा में छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम में व्यक्त किए। शाउमा विद्यालय खड़ौरा में विधायक विश्वामित्र पाठक के मुख्य आतिथ्य में साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम के विधायक ने अपने उद्बोधन में प्रदेश एवं केंद्र सरकार की शिक्षा के क्षेत्र में संचालित योजनाओं मध्यान्ह भोजन, गणवेश, पाठयपुस्तक का वितरण, साइकिल वितरण, छात्रवृति, मेधावी विद्यार्थियों के लिए लैपटॉप एवं स्कूटी प्रदाय अन्य योजनाएं संचालित हैं। इस अवसर पर प्रणव पाठक अध्यक्ष जनपद पंचायत देवसर, रमेश द्विवेदी मंडल, राजकुमार द्विवेदी, शिवम शुक्ला, कमलेन्द्र चतुर्वेदी, संतोष द्विवेदी, रावेंद्र द्विवेदी सहित अन्य गणमान्य जन मौजूद रहे।



# देशभक्ति के रंग में रंगा डी-पॉल स्कूल

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 13 अगस्त।** डी-पॉल स्कूल में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत तिरंगा रैली निकाली गयी। साथ ही प्रात:कालीन प्रार्थना सभा का आयोजन देश भक्ति की भावना से ओत-प्रोत तिरंगा मेरी शान है, विषय पर रहा। तिरंगे के प्रति छात्रों में जोश की भावना जाग्रत करते हुए रंगोली, चित्रकला तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। गांधी जी के स्वच्छता के सपने को ध्यान में रखते हुए एक दिन स्वच्छता के नाम समर्पित किया गया। विद्यालय परिसर में साफ-सफाई की गयी। जिसमें सभी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

# संतान की दीर्घायु की कामना से हलषष्ठी व्रत आज

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 13 अगस्त। हलषष्ठी के दिन पूजा के लिए कुछ खास समय बहुत शुभ माने जाते हैं। इन समय में पूजा करने से व्रत का फल कई गुना बढ़ता है।**

कल दिन गुरूवार 14 अगस्त को सुबह 4:25 से सायं 5:45 बजे तक शुभ मुहूर्त है, जो बहुत ही पवित्र समय माना जाता है। दोपहर 11:59 से 12:52 बजे तक अभिजीत मुहूर्त है, जो सभी कार्यों के लिए शुभ होता है। इसके अलावा दोपहर 2:37 से 3:30 बजे तक विजय मुहूर्त पूजा के लिए उत्तम हैं। ज्योतिषविद् पं.डॉ. एनपी मिश्र महाप्रबंधक शिवधाम मंदिर बैढ़न के अनुसार हलषष्ठी, जिसे हरछठ, ललही छठ या बलराम जयंती भी कहते हैं, हिंदू धर्म में एक खास व्रत और त्योहार है। इस दिन भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई बलराम जी की पूजा होती है, जिन्हें हलधर कहते हैं, क्योंकि उनका मुख्य शस्त्र हल था। माताएं इस व्रत को अपनी संतान की लंबी उम्र, सुख और समृद्धि के लिए रखती हैं। इस दिन जुताई से उत्पन्न किया गया कोई अन्न व्रत रखने वाले को नहीं खाना चाहिए। वही हरछठ या हलषष्ठी के दिन प्रात: काल स्नान-ध्यान करने के बाद इस व्रत को विधि-विधान से करने का संकल्प लेना चाहिए। पूजन से जुड़ी सामग्री जैसे- पलाश की टहनी, कुशा, छह प्रकार के अनाज जैसे गेंहू, चना, धान, जौ, अरहर, मक्का, मूंग, महुआ, पुष्प, फल सहित अन्य इकट्ठा करके रख लेना चाहिए। सारे सामान को इकट्ठा करने के बाद एक चौकी पर छठी माता का चित्र रखें, उनके साथ गणेश-गौरी, कलश अन्य रखकर उनकी विधि-विधान से पूजा करें। पूजा करने से पहले मिट्टी के कुल्हड़ में महुआ आदि अन्य चीजों को रख लें, फिर छठी माता की विधिवत पूजा और कथा करें, पूजा के अंत में छठी माता और गणेश गौरी की आरती करके संतान सुख समृद्धि की कामना करनी चाहिए।



एनपी मिश्र महाप्रबंधक शिवधाम मंदिर बैढ़न

# राख परिवहन के कारण खड़िया कोटा मुख्य मार्ग पूर्णतया ध्वस्त

## राख परिवहन से आमजन का जीना दुश्वार

**नवभारत न्यूज**

**शक्तिनगर 13 अगस्त। स्थानीय पावर प्रोजेक्ट से उत्सर्जित राख परिवहन के कारण स्थानीय आम जन के जनजीवन पर व्यापक असर डाल रहे हैं।**



प्रतिदिन हजारों टन राख परिवहन किए जाने से विंध्यनगर लगा शक्तिनगर बायपास रोड समेत खड़िया कोटा मुख्य मार्ग पूर्ण रूप से ध्वस्त हो चुका है, जिससे लोगों को आने-जाने में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड सिंगरौली परियोजना तृतीय चरण विस्तार के कारण पूर्व में ही शक्तिनगर-विंध्यानगर मुख्य मार्ग बाधित कर दिया गया है। वैकल्पिक मार्गों पर भारी जल जमाव एवं सकरा होने के कारण आए दिन गाड़ियों का जाम लगा रहता है। जिस कारण वाराणसी शक्तिनगर मुख्य मार्ग पर जाने के लिए कोटा खड़िया बाईपास मार्ग का उपयोग लोगों द्वारा किया जाता है, जो पूर्ण रूप से ध्वस्त हो गया है, जिस कारण आए दिन दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

# विंध्याचल में कोर वैल्यू के अंतर्गत सत्यनिष्ठा जागरूकता रैली आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**विंध्यनगर 13 अगस्त। एनटीपीसी विंध्याचल में अगस्त 2025 से जनवरी 2026 तक कोर वैल्यू एक्कुअलाईजेशन मनाया जा रहा है, जिसमें प्रत्येक माह के लिए कोर वैल्यू चैम्पियन नामित किया गया है।**



इसी कड़ी में एनटीपीसी-विंध्याचल में अगस्त माह के लिए कोर वैल्यू चैम्पियन अपर महाप्रबंधक मृणालिनी को नामित किया गया, जिसके अंतर्गत विभिन्न वर्गों-कर्मचारियों एवं उनके परिवारों, संविदा कर्मचारियों एवं स्कूली बच्चों के लिए सत्यनिष्ठा पर आधारित विभिन्न प्रतियोगितायें जैसे कहानी लेखन, शॉर्ट विडियो मेकिंग, नारा प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं कोलाज मेकिंग आदि का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही प्रत्येक दिन सत्यनिष्ठा पर आधारित एक संदेश इंट्रानेट पर भी प्रदर्शित किया जा रहा है। वही आज दिन बुधवार को प्रात: 11 बजे से परियोजना के अंबेडकर स्टेडियम में सत्यनिष्ठा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली के आयोजन का मुख्य उदेश्य सभी कर्मचारियों को अपने-अपने कार्यस्थल में ईमानदारी से कार्य करने के लिए प्रेरित करना था।

### ग्राम पंचायतों में चरणबद्ध ग्राम सभा कल से

**सिंगरौली 13 अगस्त (एनबीएन)।** कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के मार्गदर्शन में 15 से 20 अगस्त तक ग्राम सभाओं का चरणबद्ध आयोजन किया जायेगा। जिपं सीईओ गजेन्द्र सिंह नागेश द्वारा समस्त सीईओ जनपद पंचायत को निर्देशित किया गया हैं कि आयोजित होने वाली ग्राम सभा के संबंध में नियमित एजेण्डा बिंदुओं के साथ स्थानीय कार्य सूची विषय को शामिल करते हुए ग्राम सभा आयोजित की कराये। साथ ही कहा कि इन ग्राम सभाओ में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, अन्य योजनाओं से हितग्राहियों को विभिन्न जानकारी प्रदाय कर लाभांवित किया जायेगा।

# एपीसी के साथ मारपीट, कर्मचारी लामबंद

## मप्र. अधिकारी-कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने कलेक्टर को सौपा ज्ञापन, डीपीसी भी रहे मौजूद

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 13 अगस्त। जिला शिक्षा केन्द्र में पदस्थ सहायक परियोजना समन्वयक मोबालाईजेशन राजेश पटेल के साथ एक अशासकीय विद्यालय संचालक द्वारा मारपीट किये जाने का मामला तूल पकड़ लिया है।**



एपीसी के समर्थन में म.प्र. अधिकारी-कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने कलेक्टर को ज्ञापन सौप कर स्कूल संचालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किये जाने की मांग की है। म.प्र. अधिकारी-कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष अजय सिंह चौहान के अगुवाई में कलेक्टर को ज्ञापन सौपने के दौरान बताया गया कि राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देशानुसार अशासकीय शाला रविन्द्रनाथ टैगोर पूर्व मावि खटखरी का जिओ टैग का फोटो लेने राजेश पटेल एपीसी, उपयंत्री राकेश शाह एवं जन शिक्षक संजीव पाण्डेय गये थे। जहां जांच के दौरान विद्यालय के संचालक निशीकांत शाह के द्वारा जांच टीम के द्वारा बनाये गये स्थल पंचनामा को फाड़ कर एपीसी के साथ मारपीट की गई। घटना की रिपोर्ट चौकी खुटार में की गई है। हालांकि इनका कहना है कि पुलिस कोई कार्रवाई नही की है। जबकि आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध है। ज्ञापन के समय डीपीसी आरएल शुक्ला, पीसी पटेल व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।